卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 242 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦13 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## 1563 छात्रों की दुबारा होगी नीट परीक्षा, ग्रेस मार्क खत्म

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। नीट यूजी धांधली मामले में छात्रों को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम ने नीट परीक्षा परिणाम में अनियमितता को देखते हुए एनटीए को ग्रेस मार्क्स रद्द करके फिर से नीट एग्जाम आयोजित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। 67 छात्रों को 720 में से 720 मार्क्स मिलने पर जब एनटीए से सवाल पूछा गया था तो एनटीए इसके पीछे की वजह ग्रेस मार्क्स बताया था। एनटीए ने अपनी सफाई में कहा था कि कुछ एग्जाम सेंटर्स पर लॉस ऑफ टाइम की वजह से कुल 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं जिसकी वजह से 44 छात्रों के मार्क्स 720 हुए। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद एनटीए को ग्रेस मार्क्स रद्द करने का निर्देश दिया गया। केवल 1563 छात्रों का ही नीट एग्जाम दोबारा होगा। नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों का ही री-एग्जाम कराया जाएगा। इससे पहले एनटीए ने कहा था करीब 24 लाख छात्रों में से केवल 1563 छात्रों के परीक्षा परिणाम तक समस्या सीमित है। बाकी स्टूडेंट्स को कोई परेशानी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने फिर दोहराया है कि नीट यूजी की काउंसलिंग पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। स्टूडेंट्स



काउंसलिंग राउंड में शामिल हो सकते हैं। 23 जून को दोबारा नीट एग्जाम होगा और 30 जून को इसका रिजल्ट घोषित होने की उम्मीद है। ताकि जुलाई में नीट की काउंसलिंग शुरू हो सके। एनटीए की तरफ से कहा गया कि छात्रों का डर दूर करने के लिए यह निर्णय लिया जा रहा है। जिन स्टूडेंट्स को एनटीए की तरफ से ग्रेस मार्क्स दिए गिए हैं उनको एनटीए ने दो ऑप्शन दिए हैं। यह छात्र री-एग्जाम में बैठ सकते हैं या फिर अपने पुराने स्कोर के साथ ही काउंसलिंग की तरफ आगे बढ़ सकते हैं लेकिन उनके स्कोरकार्ड से ग्रेस मार्क्स हटा दिए जाएंगे। जिन कैंडिडेट को कॉन्फिडेंस है कि वे दोबारा परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो वे री-एग्जाम में शामिल होने का फैसला ले सकते हैं। दरअसल, पांच मई को देशभर में हुई नीट परीक्षा कराने वाली एनटीए ने 4 जून को जब रिजल्ट जारी किया तो देश भर में हंगामा खड़ा हो गया। वजह 67 बच्चों को जहां 720 में 720 नंबर मिले थे, वहीं इससे भी ज्यादा 1563 बच्चों को ग्रेस मार्किंग दी गई थी। यह ग्रेस मार्किंग 10, 20 या 30 नंबर की नहीं 100 से 150 नंबर तक की दी गई थी, जिसकी वजह से कई बच्चे जो मेरिट में बाहर थे वो मेरिट में आ गए और जो मेरिट वाले बच्चे थे उनके लिए गवर्नमेंट कॉलेज में एडमिशन पाना मुश्किल हो गया।

## 11 लाख की स्मैक के साथ दबोचा तस्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी नारकोटिक्स की स्पेशल टॉस्क फोर्स ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक शातिर नशा तस्कर को करीब 11 लाख रूपये की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी एस टीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि सीओ एसटीएफ कुमाऊ आर बीँ चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एंटी नारकोटिक्स कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व मैं टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए रुद्रपुर में ब्लॉक रोड से अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर राजेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी गली नंबर 4 प्रीत विहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 111 ग्राम अवैध स्मैक



बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार राजेश पिछले कई सालों से उत्तराखंड में स्मैक की सप्लाई कर रहा था। पूछताछ में राजेश ने बताया कि वह यह स्मैक मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खरीदकर गदरपुर,(शेष पृष्ठ सात पर)

## उद्यान घोटाले में सीबीआई की छापेमारी

देहरादून(उद संवाददाता)। बहुचर्चित उद्यान घोटाले में सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। मामले में विभाग के कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा सीबीआई की टीम ने उत्तराखंड सहित हिमाचल, चंडीगढ़ में भी छापे मारे हैं। शाम तक सीबीआई आधिकारिक गिरफ्तारी का खुलासा कर सकती सकती है।बता दें अल्मोड़ा निवासी दीपक करगेती, गोपाल उप्रेती व अन्यने जनहित याचिका दाखिल कर उद्यान विभाग में घोटाले का आरोप लगाया था। याचिकाओं में कहा गया है कि उद्यान विभाग में करोड़ों का घोटाला किया गया है। फलदार पौधों की खरीद में गड़बड़ियां की गई हैं। विभाग ने एक ही दिन में



वर्कआर्डर जारी कर उसी दिन जम्मू कश्मीर से पौधे लाना दिखाया है। जिसका भुगतान भी कर दिया गया है। पूरे मामले में वित्तीय व अन्य गड़बड़ी की सीबीआई या फिर किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने मामले में सीबीआई जांच के आदेश जारी किए थे।उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सीबीआई ने मामले की जांच तेज कर दी है। जांच को लेकर सीबीआई ने उत्तरा खण्ड सहित मिाचल चंडीगढ़ में छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार उत्तराखण्ड में छापेमारी के दौरान सीबीआई ने कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सीबीआई की इस कार्रवाई से उद्यान विभाग में हड़कम्प मच गया है।

## हादसे में बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाने के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार नगला पंतनगर नविासी 24 वर्षीय नीरज लटवाल पुत्र गोपाल सिंह लटवाल सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रोजाना की तरह वह ड्यूटी के लिए घर से बाइक पर सवार होकर सिडकुल स्थित कंपनी में जा रहा था। पंतनगर थाने के सामने उसकी बाइक को अचानक ट्रक ने टक्कर मार दी। नीरज को ,(शेष पृष्ठ सात पर)

## रास्ते से कार हटाने के लिए कहा तो युवक का सिर फोड़ा, परिजनों पर भी किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार रात मुख्य बाजार में सिब्बल सिनेमा के सामने दुकान के पास गली में खड़ी कार हटाने के लिए कहने पर दुकानदार के पुत्र व उसके नौकर सहित अन्य लोगों ने यहीं के निवासी एक युवक व उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सिब्बल सिनेमा के सामने गली के



निवासी बलराम गुप्ता विगत दिवस अपने परिजनों माता मीरा देवी, पत्नी ऊषा गुप्ता, 15 वर्षीय पुत्री खुशी, 12 वर्षीय पुत्र कृष्णा व 11 वर्षीय आदित्य सहित गोरखपुर निवासी अपने करीबी रिश्तेदार शिवनारायण पुत्र हरीश चन्द्र के साथ अपनी कार संख्या यूके 06 वाई 0018 में सवार होकर हरिद्वार घूमने के लिए गये थे।रात करीब 8 बजे वह हरिद्वार से वापस लौटे तो गली के मोड़ पर एक दुकानदार की कार खड़ी थी। जब बलराम ने दुकान में मौजूद दुकानदार के पुत्र से कार को रास्ते से हटाने के लिए कहा तो उनकी आपस में बहस हो गई। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान दुकान का नौकर दो लोहे की रॉड निकाल लाया और दुकानदार के पुत्र व नौकर ने बलराम पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसे देख जब परिजन उन्हें बचाने ,(शेष पृष्ठ सात पर)

## परिचित युवक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म

हल्द्वानी । सहेली के घर से लौट रही नाबालिग को उसके जानने वाला एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ घर ले गया और वहां पर दुष्कर्म करने के बाद फिर सहेली के घर छोड़ दिया। जानकार मिलने के बाद परिजन पीड़िता के साथ कोतवाली पहुंचे और मामले की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र ,(शेष पृष्ठ सात पर)

## हवस के दरिंदों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश

### नव विवाहिता आत्महत्या के लिए हुई थी मजबूर पहले पति ने किया अमानवीय बर्ताव बाद में रिश्तेदार ने किया कुकृत्य, बनाई अश्लील वीडियो

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। विवाहिता को शारीरिक व मानसिक यातना देते हुए उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट सचिन कुमार ने सुनवाई के दौरान एक ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के बारे में कुंडेश्वरी क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने अधिवक्ता श्रीमती सिंध आकाश के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 2023 की 17 फरवरी को उसने अपनी पुत्री का विवाह ढकिया नंबर दो बलवंत फॉर्म कुंडेश्वरी निवासी अनिल सिरोही पुत्र रतन सिंह सिरोही के साथ धूमधाम से किया। नवविवाहिता जब ससुराल पहुंची तो उसे पता चला कि उसका पति मानसिक विकृति के कारण अमानवीय तरीके से सेक्स करने का आदी हैं। वह पत्नी की रजामंदी के बगैर उसके साथ प्राकृतिक प्राकृतिक संबंध बनाने लगा। 14 मार्च 2023 को अनिल सिरोही ने पत्नी के साथ बलपूर्वक अप्राकृतिक दुराचार किया। इस दौरान नवविवाहिता की हालत बिगड़ गई। पीड़िता द्वारा इसकी जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से मौसी को देने पर मायके वालों ने नव विवाहिता को बुलाकर उसका उपचार कराया। लगभग एक सप्ताह बाद अनिल सिरोही अपनी गलती मानकर पत्नी को वापस साथ ले गया। बताते हैं कि नव विवाहिता के उत्पीड़न के मामले में जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी अनिल सिरोही की बहन अंशु पत्नी पिंटू चौधरी का अहम रोल था। वह भाई को नवविवाहिता को प्रताड़ित करने के लिए उकसाया करती थी। बताते हैं कि ,(शेष पृष्ठ सात पर)

### आरोपी रहता है इंग्लैंड,पुलिस ने झाड़ लिया था पल्ला

काशीपुर। मानवीय संबंधों को तार तार कर देने वाली इस घटना के बाद मृतका की मां ने कोतवाली काशीपुर में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने मामले को अनसुना कर दिया। इसी तरह क्षेत्राधिकारी से भी पीड़ित पक्ष को कानूनी तौर पर कोई राहत नहीं मिली। बीते 27 अप्रैल को मृतका की मां ने मामले की लिखित शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर से करते हुए ,(शेष पृष्ठ सात पर)

## आवास योजना की धनराशि दबाने वाले लाभार्थियों को नोटिस

### पालिका प्रशासन की जांच में 31 लाभार्थी चिहिंत

सितारगंज(उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सपनों के घर का निर्माण कराने वाले कुछ लाभार्थियों ने धनराशि दबाकर योजना को पलीता लगा दिया है। नगर पालिका प्रशासन ने योजना का लाभ लेने वाले इस तरह के 31 लाभार्थियों को अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस का संतोषजनक जबाव नही मिलने पर प्रशासन लाभार्थियों से धनराशि की वसूली भी कर सकता है। नगर पालिका प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में जरुरतमंद लोगों को मकान निर्माण के लिए धनराशि आवंटित की थी। करीब 297 लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया। जिन्हें प्रशासन ने कई किस्तों में योजना स्वरुप धनराशि वितरित की। इन लाभार्थियों में से 31 लाभार्थियों ने धनराशि तो आहरण कर ली। लेकिन मकान निर्माण अधूरा छोड़ दिया है। कुछ लाभार्थियों ने निर्माण कार्य ही शुरु नही कराया है। योजना के पैसे ठिकाने लगा दिये। नगर पालिका के ईओ नौशाद हसीन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी लेकर विभिन्न टीमें गठित की। उन्होंने चिहिंत लाभार्थियों के प्रस्तावित मकानों का चिहींकरण कराया। ,(शेष पृष्ठ सात पर)

# कैंची धाम में हर समय जाम लगने से आमजन हलकान

## घंटों लग रहे जाम से आम यात्रियो और पहाड़ को आने वाले मालवाहको को जाम का सामना करना पड़ रहा



बागेश्वर/अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में कैंची के पास जाम लगने से अल्मोड़ा, व बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिलों का व्यापार सहित आमजन और यात्रियों पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। बागेश्वर के व्यापारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग होने के बाद भी सड़क पर समुचित तरीके से यातायात व्यवस्था संचालित कराने की व्यवस्था नही होने, घँटों लग रहे जाम से आमयात्रियो और पहाड़ को आने वाले मालवाहको को जाम का सामना करना पड़ता है, जिससे समय से व्यापारियों को सामान नही मिल पाता है, राष्ट्रीय राजमार्ग में ही प्रसिद्ध नीम करोली महाराज जी का आश्रम होने से हर समय वहां काफी लंबा जाम लग जाता है, वही कई बार मार्ग में कई वीआईपी मंत्रियों सहित महामहिम के आने पर सड़क में यातायात व्यवस्था रोकनी पड़ती है।जिस कारण पहाड़ के लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। जबकि राज्य सरकार द्वारा सब कुछ जानने के बाद भी अब तक सड़क में जाम से निजात दिलाने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही कराई गई है,जबकि रोजाना जाम की स्थिति के बाद राज्य सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा कोई बायपास मार्ग जाम से निजात दिलाने के लिए अभी तक नही बनाया जा सका है। व्यापार संघ अध्यक्ष ने सरकार से जल्द कैची धाम में यातायात व्यवस्था सुचारू करने जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए जल्द से जल्द बायपास मार्ग बनवाकर कैंची मन्दिर को जाने वाले मार्ग में वनवे व्यवस्था और बायपास मार्ग को चौड़ा बनाए जाने की और जाम से निपटने का स्थायी हल निकाले जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्हांने कहा कि पिछले साल से रानीबाग से कैंची धाम तक अधिकतम समय जाम लग रहा है। लगभग आठ से दस घंटे तक जाम लगने के कारण भवाली, सलड़ी, गरमपानी,रानीखेत, अल्मोड़ा आदि स्थानों में माल समय पर नहीं पहुंच रहा है। कहा है कि मोटर मार्ग में जाम लगने के कारण कई बार एंबुलेंस व मरीजों को भी जाम में फंसना पड़ रहा है जिससे मरीज को समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से भवाली- रातीघाट बाइपास का मार्ग का शीघ्र निर्माण किए जाने की मांग की। वही उपजिलाधिकारी मोनिका को नगर मेंसड़कों किनारे सभी नालियों की सफाई, बंदरो से निजात दिलाने के लिए बंदर बाड़ा बनाए जाने, नगर से कटखने बंदरो से निजात दिलाने, बन रहे प्रमुख सम्पर्क मार्गो का गुणवत्तापूर्ण कार्य करने, और सी सी मार्गो में इंटरलॉक टाइल लगाए जाने की मांग की, जिस पर उपजिलाधिकारी मोनिका ने संज्ञान लेते हुए ईओ को जल्द सभी समस्याओं का समाधान करने, और कराई गई। सफाई की फोटो भेजने के निर्देश दिए।

## कागज की थैली में बांटा जायेगा मालपुए का प्रसाद

नैनीताल। कैंची धाम में मेले की तिथि नजदीक आते ही व्यापक स्तर पर इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं और पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के लिए 42 क्विंटल कागज की थैली उपयोग में लाई जाएंगी। साथ ही कागज के चार लाख गिलासों में सब्जी वितरित की जाएगी। कैंची धाम में हर साल 15 जून को मेला लगता है। इसमें सवा लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके लिए हजारों लोग महीने भर पहले कैंची पहुंचकर सेवा में जुट जाते हैं। इस साल मंदिर ट्रस्ट ने दो लाख से अधिक लोगों को मालपुआ उपलब्ध कराने के लिए 42 क्विंटल कागज की थैली दिल्ली से मंगाई है। प्रसाद के साथ मिलने वाली सब्जी कागज से बनाए गए गिलास में उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से बनाए गए चार लाख गिलास मंदिर में पहुंच गए है। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कागज से निर्मित सामग्री उपयोग में लाई जाएगी। प्रसाद यानी मालपुआ बनाने का काम 12 जून से पूजा पाठ के साथ शुरू होगा जो मेला समाप्त होने तक चलेगा। कैंची के ग्राम प्रधान और मंदिर ट्रस्ट से जुड़े पंकज निगल्टिया ने बताया कि इस बार दो लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। प्रसाद बनाने के लिए सामान मंदिर परिसर में पहुंच गया है।

## कैंची मेले में यातायात व्यवस्था को सुचारु करना चुनौतीपूर्ण



नैनीताल। कैंची में बाबा नीब करौरी आश्रम की स्थापना के बाद से ही वहां हर साल 15 जून को स्थापना दिवस कार्यक्रम होता है। समय बीतने के साथ साथ स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम ने कैंची मेले का रूप ले लिया और साल दर साल यह भव्य होता गया। इन दिनों हर रोज दस से पंद्रह हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वाहनों का दबाव बढ़ने से कैंची में जाम से लोग जूझ रहे हैं। कैंची मेले के दौरान रानीबाग-भीमताल, भीमताल-भवाली, भवाली-कैंची, ज्योलीकोट-भवाली, नैनीताल-भवाली और अल्मोड़ा-कैंची समेत भवाली और कैंची को रामगढ़ से जोड़ने वाली सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ने से कदम कदम पर जाम रहता है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सड़कों पर लगने वाले जाम से कैसे निपटेंगे और यातायात व्यवस्था को सुचारु करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। प्रशासन ने भवाली और गरमपानी में पार्किंग स्थल के लिए 14 स्थानों को चिह्नित किया है। इन सभी स्थानों में 1500 से अधिक छोटे-बड़े वाहन खड़े कराने की योजना है। यदि प्रशासन अपने उद्देश्य में सफल रहता है तो अकेले इन पार्किंग स्थलों में ही छह से सात हजार श्रद्धालु जुटेंगे। इन श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी पार्किंग स्थलों में पेयजल और शौचालय की व्यवस्था भी करनी होगी। इसके लिए कम से कम 14 टैंकर और 50 से अधिक मोबाइल शौचालयों की जरूरत पड़ेगी। अलग-अलग स्थानों से श्रद्धालुओं को भवाली और कैंची तक लाने ले जाने के लिए प्रशासन ने 100 से अधिक बसें और 500 से अधिक छोटे वाहनों को शटल सेवा के रूप में चलाने की योजना बनाई है। शटल सेवा तो पिछले वर्षों के दौरान भी चलती रही हैं । 15 जून को बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाइक व स्कूटी से कैंची धाम को रवाना होते हैं। पिछले वर्षों के दौरान जब से टैक्सी बाइकों का संचालन हुआ है तब से कैंची मेले के दौरान वहां जाने वाले दोपहिया वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। यही दोपहिया वाहन कई बार एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ में जाम का कारण बनते हैं। प्रशासन इस बार इन दोपहिया वाहनों को कैसे व्यवस्थित कराएगा।

## जिला बार एसोसिएशन ने हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के समक्ष रखीं मांगें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर की विभिन्न समस्यों को लेकर पांच पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, सचिव सर्वेश कुमार सिंह के नेतृत्व में माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के माननीय प्रशासनिक न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा एवं रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी सहित अन्य माननीय न्यायमूर्तिगण से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा तथा मौखिक रूप से अधिवक्ता एवं वादकारियों को हो रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मांग की गयी कि उत्तर प्रदेश के जनपद न्यायालयों एवं अधीनस्थ न्यायालयों की तरह सप्ताह में पांच दिन का कार्यदिवस घोषित किया जाये, तथा ग्रीष्मकालीन ऋतु के माह मई जून में अदालती कार्य प्रात: 7 बजे से 12 बजे तक किये जाने तथा माह जून में शीतकालीन अवकाश की भांति 10 दिन का स्थाई अवकाश घोषित किया जाने के बारे में भी वार्ता की गयी। इसी के साथ वर्तमान में अधिवक्ता एवं वादकारी को हो रही समस्या को दृष्टिगत रखते हुये कार्मिशियल कोर्ट का गठन जनपद मुख्यालय में कराया जायें।प्रतिनिधि मण्डल द्वारा यह भी मांग की गयी कि मोटर एक्सिडेन्ट क्लेम ट्रिब्यूनल से जुड़े मामलो के लिये जनपद न्यायालय रूद्रपुर में अलग से ट्रिब्यूनल का गठन किया जाये तथा श्रम से जुडे मामलों की सुनवाई के लिये श्रम न्यायालय काशीपुर के कैम्प न्यायालय को सप्ताह में तीन दिन के लिये जनपद मुख्यालय में कराया जाये साथ ही जिला एवं सत्र न्यायालय में हो रही डाक सेवा के अभाव में अधिवक्ता, वादकारियों को हो रही असुविधा को दृष्टिगत रखते हुये अतिशीघ्र न्यायालय परिसर में पोस्ट आफिस की उपशाखा खुलवाये जाने की भी मांग की गई। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा यह भी कहा कि एण्टीकप्शन से जुडे मामलों की सुनवाई के लिये रेवन्यू कोर्ट का गठन जनपद मुख्यालय में करने की मांग की गयी। प्रतिनिधि मण्डल की तमाम समस्याओ को सुनने के पश्चात माननीय न्यायमूर्तिगणों के द्वारा अधिवक्ता एवं वादकारियों को हो रही समस्या को प्रमुखता के साथ निस्तारित कराने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, उपाध्यक्ष कृष्णचन्द्र, सचिव सर्वेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी मौजूद रहें।

## ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम बखपुर भगवानपुर सहित आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से गांव से निकल रहे ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि खनन कार्य में लगे डंपरों के कारण गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले सड़कें टूट रही हैं जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं खनन कार्य में लगे ओवरलोड डंपरों के कारण ग्राम वासियों का जीवन दूभर हो गया है। सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम बखपुर भगवानपुर सहित कई गांव इस सड़क के माध्यम से मुख्य सड़क से जुड़े हुए हैं जिसका इस्तेमाल ग्रामवासी आने-जाने में प्रयोग करते हैं तथा इन्हीं सड़कों से ग्राम वासियों के बच्चे स्कूलों में आते जाते हैं सरकार द्वारा कई बार मांग किए जाने के बाद उक्त सड़क का निर्माण किया गया है किंतु सड़क आम आदमी को हल्के वाहनों के हेतु बनाई गई है किंतु खनन में लिप्त लोगों द्वारा इस सड़क का इस्तेमाल खनन सामग्री ले जाने के लिए किया जा रहा है जो की सरासर गलत है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि खनन सामग्री ले जाने वाले डंपर हमेशा ओवरलोड सामान लेकर गुजर रहे हैं जिससे सड़कों में भारी गड्ढे बनते जा रहे हैं जो कि सड़क दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ज्ञापन देने वाले ग्रामीणों ने कहा कहा कि गोला से खनन सामग्री लेकर ओवरलोड वाहन



भगवानपुर होते हुए बढ़ापुर, परेवा में 24 घंटे आवाजाही कर रहे हैं जिस वजह से ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बगैर सिंह संधू ,धर्मेंद्र सिंह, राजू सिंह, गोविंद सिंह, कश्मीर सिंह, अमरजीत सिंह, पंकज गुरदेव सिंह ,अमन वर्त सिंह, पलविंदर सिंह सहित एक दर्जन लोग ग्रामीण मौजूद थे।

## किसानों के मुद्दों को लेकर एनडीए सरकार से मिलेगा शिष्टमंडल: टिकैत



सितारगंज। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने, बिजली, भूमि अधिग्रहण, कर्ज माफी के मुद्दे यथावत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करेगी तो किसानों का शिष्टमंडल जाएगा। उन्होंने कहा अकेले वार्ता नहीं की जाएगी। बुधवार को सितारगंज में प्रेसवार्ता में टिकैत ने कहा कि सरकार उद्यमियों को फायदा पहुंचाने के लिए निर्णय लेती रही है। एक तरफ जंगल काटे जा रहे हैं वहीं, दूसरी तरफ पर्यावरण के नाम पर 10-15 वर्षों में वाहनों का रजिस्ट्रेशन समाप्त कर रही है। सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जो उनकी विचारधारा से सहमत नहीं है। उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं से वंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। कहा कि देश में वैचारिक क्रांति आ चुकी है, सरकार का रवैय्या नहीं बदला तो फिजिकल क्रांति भी आएगी। वहीं किसानों से टिकैत ने कहा कि जहां भी किसान संगठन कमजोर हैं, वहां किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। राजस्व, बिजली समेत किसानों से संबंधित विभागों में किसानों का शोषण होता है। उन्होंने एकजुट होने व संगठन मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में साइलेंट वोटिंग ने जनता का नजरिया दिखा दिया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 15 से 18 जून तक हरिद्वार में किसान कुंभ चिंतन शिविर में भागीदारी करेंगे। इस दौरान भाकियू टिकैत के यूपी व राज्य प्रभारी बलजिंदर सिंह मान, जसविंदर सिंह जस्सा, गुरप्रीत सिंह औजला, गुरसाहब सिंह थे।

## लिंक रोड से खनन सामग्री ले जाने वालों पर होगी कार्रवाई: एसडीएम

किच्छा। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने ग्रामीणों को बताया कि लिंक रोड से यदि कोई भी व्यक्ति खनन सामग्री ले जाता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध तुरंत ही कानूनी कार्रवाई करके मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि खनन सामग्री लिंक मार्गो से ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है जो भी लोग निर्धारित रूट से हटकर खनन सामग्री ले जाता हुआ पाया गया तो उसके वाहनों को सीज करते हुए वाहन स्वामी एवं खनन कार्य में लगे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी और जिलाधिकारीने ग्रामीण ग्रामीणों से कहा कि लिंक रोड से खनन सामग्री ले जाने की कार्यवाही के लिए वह सीधे उन्हें फोन कर सकते हैं यदि कोई भी व्यक्ति लिंक मार्गो से खनन सामग्री ले जाता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत तेज दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# स्वास्थ्य बिगड़ने से चारधाम यात्रा पर आए पांच और यात्रियों की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आए पांच और यात्रियों की मौत हो गई। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक, केदारनाथ में तीन, बदरीनाथ एक और यमुनोत्री धाम में भी एक-एक यात्रियों की जान गई है। वहीं, अब चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 114 पहुंच गई है। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 57 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 26, गंगोत्री में आठ और यमुनोत्री धाम में 23 यात्रियों की मौत हुई है।

# रम्पुरा व सब्जी मंडी से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने नगर के दो अलग अलग स्थानों से मोटरसाईकिल चोरी कर लीं। घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दिनेश कुमार पुत्र मदन लाल निवासी ग्राम भैंसिए ज्वालापुर बिलासपुर रामपुर ने कहा है कि वह माया इंटरप्राइजेज गाबा चौक पर काम करता है। 8 जून को साय वह बाईक लेकर सब्जी मंडी किसी काम से गया था। जहा से उसकी मोटर साइकिल नंबर यूके 06 एएच 9676 अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। वहीं एक अन्य मामले में सतीश चन्द्र पुत्र ओम प्रकाश शर्मा निवासी वार्ड 16, शांति कालोनी का कहना है कि 10 जून को उसने अपनी बाईक संख्या यूके 06 एस 6103को लॉक करके अपने घर के बाहर खड़ी की थी। 11 जून को सुबह जब उसने अपनी बाईक देखी तो वह बाहर खड़ी नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाईक का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने वाहन चोरी के दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गोवा में मेडल जीतकर लौटी प्रतिभाओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।गोवा में आयोजित विश्व स्तरीय भारत नृत्य महोत्सव प्रतियोगिता में आर.बी. इंटरटेनमेंट के ईशित चंद्र, भव्या लाल, मानवी सिंह, शर्मिष्ठा राय, कृष्णा पोपली, अनन्या चौबे, द्वारा मेडल व ट्रॉफी अर्जित कर उधम सिंह नगर का नाम रोशन किया है। साथ ही उनके गुरु रोहित बनोत्रा को बेस्ट कोरियोग्राफी का अवार्ड दिया गया । इस उपलब्धि पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए फूल माला पहनाकर सम्मानित किया एवं अभिभावक एवं परिवारजनों को बधाई दी। इस अवसर पर दर्ज राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा इन बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हम सबको गोरवान्वित किया है। इन बच्चों को आदर्श मानते हुए अन्य बच्चे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्व पटल पर देश व प्रदेश का नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित करेंगे। इस अवसर पर उमेश पसरिचा, कैलाश चंद्र, श्रीमती सुनीता चंद्र , श्रीमती कल्पना, सुरेश कुमार, मनोद, श्रीमती गूंजा, श्रीमती सुप्रिया राय, सुमन राय, प्रवीण, यश पोपली, श्रीमती मीनू , अश्विनी आदि लोग मौजूद रहे।

**किराये हेतु**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील है चकबंदी कार्यालय

## करोड़ों की बेनामी संपत्ति खुर्द-बुर्द, फाइल कर दिया गायब

काशीपुर( उद संवाददाता)। चकबंदी अधिकारी की गलत नीतियों के कारण ग्राम गंगापुर गोसाई में लगभग पौन एकड़ भूमि का विवाद सुलझने की बजाय और उलझता जा रहा है। कार्यालय से पूरी की पूरी फाइल गायब कर दी गई। करोड़ों की बेनामी संपत्ति के निस्तारण के लिए तारीख पर तारीख दी जा रही है। पूरे प्रकरण में चकबंदी अधिकारी व एक लेखपाल की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले लगभग 35 वर्षों के करीब से कुंडेश्वरी रोड पर मल्टीलाल डुप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक पेपर मिल संचालित है। पेपर मिल का ट्रीटेड पानी समीप से होकर गुजर रहे पुराने नाले के सहारे पथरी नदी में डाला जाता था। पुराने नाले के आसपास लगभग पौन एकड़ भूमि राजस्व के अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। खसरा नंबर 99 में इसका स्पष्ट उल्लेख है। हालांकि राजस्व के अभिलेखों में खसरा नंबर 99 की 0,287 एकड़ भूमि राजेंद्र कौर पत्नी इंद्रजीत के नाम दर्ज है लेकिन सरकारी दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से गड्ढा (तालाब) अंकित होने के कारण इसे ग्राम समाज की भूमि से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब यह भूमि सरकारी है तो वर्ष 2021 की 30 दिसंबर को इसे जोगिंदर सिंह नामक व्यक्ति के नाम क्यों किया गया? इस बारे में पड़ताल करने पर पता चला कि चकबंदी के लेखपाल तथा एक अधिकारी की मिली भगत से मोटी रकम लेकर षड्यंत्र के तहत यह कारनामा अंजाम दिया गया। यानी जिस भूमि से होकर सरकारी नाला निकल रहा था उसे अधिकारियों ने एक व्यक्ति से हमसाज होकर खुर्द-बुर्द कर दिया। सरकारी भूमि नाम करने के बाद उक्त व्यक्ति द्वारा फैक्ट्री के ट्रीटेड पानी की निकासी रोक दी गई। पानी की निकासी बाधित होने के कारण फैक्ट्री का प्रोडक्शन रुक गया। पिछले कुछ समय से अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के कारण पेपर मिल पूरी तरह बंद पड़ी है। पेपर मिल के प्रबंधक से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया कि चकबंदी कार्यालय में वर्ष 2022 की 26 सितंबर से मामला लंबित है इसके निस्तारण के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इस मामले की फाइल को गायब कर दिया गया है। जनवरी से अब तक आधा दर्जन बार तारीख दी जा चुकी है लेकिन संपर्क करने पर फाइल न मिलने का बहाना कर जिम्मेदार अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं। प्रबंधक ने यह भी बताया कि स्थानीय कार्यालय के कहने पर उनके द्वारा रुद्रपुर स्थित चकबंदी कार्यालय में भी फाइल खोजने का प्रयास किया गया लेकिन मामले की फाइल का कोई पता नहीं चला।

### भुखमरी के कगार पर दर्जनों परिवार

काशीपुर। ग्राम गंगापुर गोसाई में करोड़ों की बेनामी संपत्ति का निस्तारण न होने के कारण मल्टीवाल डुप्लेक्स में कार्यरत दर्जनों कर्मचारियों के परिवार भुखमरी के कगार पर आ चुके हैं। प्रबंधन का कहना है कि विवाद सुलझने तक पानी निकासी को लेकर फौरी विकल्प के रूप में अलग से पाइप डालकर जल निकासी की व्यवस्था की गई है लेकिन करोड़ों की बेनामी भूमि पर कब्जा जमाए व्यक्ति द्वारा आए दिन पाइप ध्वस्त कर दी जाती है। जल निकासी प्रभावित होने पर पेपर मिल को बंद करना प्रबंधन की मजबूरी बन चुकी है।

### काश्तकारों को चक्कर लगाने पड़ रहे

काशीपुर। दायित्वों में घोर लापरवाही बरते जाने के कारण चकबंदी कार्यालय में पिछले कुछ समय से विवादास्पद मामलों का ढेर लग चुका है। चकबंदी अधिकारी का कार्यालय में बैठने का समय निश्चित नहीं है। वह अक्सर दोपहर के बाद कुछ समय के लिए कार्यालय में देखे जा सकते हैं जबकि अधिकांश कार्यालय में उनकी अनुपस्थिति होती है। बाजपुर काशीपुर दोनों का चार्ज होने के कारण दोनों ही कार्यालय में अधिकांश ऐसी ही स्थिति बनी रहती है फल स्वरुप कार्यालय तक पहुंचने वाले काश्तकारों को चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

# अग्निकाण्ड पीड़ित परिवार की मदद को बढ़ाये हाथ



खटीमा (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने मेलाघाट में रामाधर के घर में लगी से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को खाद्यान्न उपलब्ध कराया एवं कंबल फल इत्यादि उपलब्ध कराए। रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने स्तर पर गेहूं चावल चीनी फल एवं कंबल चादर उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से अग्निकाण्ड पीडित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से पीड़ित परिवार के झाले का निर्माण करवाया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जायेगी। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य परवीन शर्मा, भाजपा नेता मनोज शाही, जगजीत सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी महेश जोशी, सूरज प्रकाश, संदीप बत्रा, करन यादव, विवेक गुप्ता, पूर्व प्रधान हृदय नारायण, सुरेंद्र कुमार, विजय शुक्ला, गुलशन बत्रा आदि बीजेपी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# जलभराव और बाढ़ से निपटने के लिए करें पुख्ता इंतजाम: डीएम



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आगामी मानसून को दृष्टिगत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार मे दैवीय आपदा (बाढ) को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी दुबारा से सभी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर लें तथा ऐसे क्षेत्र जहाॅं पर पिछले वर्षो मे जलभराव एवं बाढ का अधिक प्रभाव रहा है वहाॅं पर सुरक्षात्मक कार्यो पर अधिक ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि इस सम्बन्ध मे सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे पुलिस अधिकारियो, सिंचाई, लोनिवि, नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम से समन्वय बनाकर कार्य करते रहे इसके लिए प्रशासन व राज्य सरकार किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। जिलाधिकारी ने पिछले वर्ष काशीपुर, बाजपुर, सितारगंज तथा खटीमा आदि क्षेत्र में बाढ़ के कारण हुई क्षति का ध्यान रखते हुये दुबारा इस प्रकार की क्षति का न्यूनीकरण करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा उठाये गये कदमों की रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशास नात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा को रोका नहीं जा सकता लेकिन आपसी तालमेल व कार्य के प्रति कर्मठ व तत्परता से कार्य करने पर उससे होने वाली क्षति को कम जरूर किया जा सकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सारा (स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथारिटी) के अन्तर्गत जल संरक्षण के कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा करते हुये कहा कि रिचार्ज पीट, रिचार्ज साफ्ट, पौधारोपण आदि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य करते रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि हरीश कुमार, सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, लोनिवि ओपी सिंह, आरूण कुमार, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट आदि मौजूद थे।

# सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन के पंकज फिर बने मीडिया प्रभारी



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल/ऊधम सिंह नगर के पदाधिकारियों की एक बैठक गदरपुर समिति में आयोजित हुई। जिसमें संगठन के अध्यक्ष प्रकाश जोशी व सचिव शुभम त्यागी ने पंकज अरोरा को एक बार पुनः मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की।उनका कहना था कि पंकज अरोरा ने पिछले कार्यकाल में संगठन की प्रत्येक बैठक व कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से मीडिया के माध्यम से विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाया है। इसलिए उनके पिछले कार्यकाल को देखते हुए दुबारा पंकज अरोरा को नैनीताल व ऊधम सिंह नगर यूनियन का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पंकज अरोरा ने पुनः मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर संगठन के अध्यक्ष प्रकाश जोशी, सचिव शुभम त्यागी, उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, कोषाध्यक्ष हरीश जोशी, उपसचिव सुरेन्द्र पाल सिंह एवं समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने पुनः जो जिम्मेदारी दी है वह उसे पूरी निष्ठा व लगन से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके लिए संगठन का आदेश पहले भी सर्वोपरि था और आगे भी रहेगा। इस मौके पर रमेश जोशी, रमन चौधरी, शुभम चौधरी, रमेश जोशी, दिलजीत सिंह, दिनेश कुमार, सचिन कुमार, सतीश जोशी, ऋषभ शर्मा, तस्वीर हुसैन, चेतन बमेटा, लोकेश भट्ट, रेखा राठी आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# गदरपुर विकास खण्ड को मिला प्रथम ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुले में शौच मुक्त के लिए गदरपुर विकास खण्ड में किये गये प्रयास आखिरकर रंग लाये हैं। विकास खण्ड को ओडीएफ प्लस मॉडल में प्रथम स्थान मिला है। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0), ग्रामीण स्वच्छता के अन्तर्गत वर्ष 2017 में ही खुले में शौच मुक्ति के उपरान्त वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन( ग्रा) द्वितीय चरण के तहत सभी ग्रामों को ओ0डी0एफ0 स्थायित्व तथा ठोस एवं तरल कचरे का उचित प्रबन्धन सहित ओडीएफ प्लस (उदयीमान/ उज्वल/उत्कृष्ट) की श्रेणी में लाया जाना लक्षित किया गया है। उदयीमान श्रेणी के तहत शत-प्रतिशत घरेलू/ संस्थागत शौचालय आच्छादन के साथ-साथ ठोस अथवा तरल अपशिष्ट कचरे का प्रबन्धन लक्षित किया गया है। इसी प्रकार उज्जवल श्रेणी शत-प्रतिशत घरेलू/संस्थागत शौचालय आच्छादन के साथ-साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट दोनो कचरे का प्रबन्धन तथा उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त किये जाने हेतु उज्वल श्रेणी के समस्त मानकों सहित पर्याप्त सूचना शिक्षा एवं संचार के कार्य किये जाने लक्षित किये गये हैं। उत्तराखण्ड राज्य में कुल 06 जनपदों में 11 एस्पीरेशनल विकासखण्ड चिन्हित किये गये हैं, उक्त 11 विकासखण्डों में से 6 विकासखण्ड नीति आयोग के तहत चिन्हित किये गये हें तथा शेष 05 विकासखण्ड स्वच्छ भारत मिशन( ग्रा0) के तहत चिन्हित किये गये हैं। नीति आयोग द्वारा चिन्हित एस्पीरेशनल विकासखण्डों में से जनपद उधम सिंह नगर का विकासखण्ड गदरपुर अपनी समस्त सभी 53 ग्राम पंचायत (67 ग्रामों) सहित वर्ष 2024-25 के दौरान स्वच्छ भारत मिशन( ग्रा0) के अन्तर्गत ग्रामीण स्वच्छता के तहत ओ0डी0एफ0 प्लस( मॉडल) विकासखण्ड की श्रेणी अर्जित की गयी है। नीति आयोग द्वारा मार्च 2023 में ओ0डी0एफ0 लक्ष्यों को हासिल किये जाने के लिये सभी 06 एस्पीरेशनल विकासखण्डों हेतु के0पी0आई0 का निर्धारण किया गया था। तत्समय विकासखण्ड गदरपुर की प्रगति 20.90 प्रतिशत निर्धारित की गयी थी, तदोपरान्त विकासखण्ड गदरपुर की सभी ग्राम पंचायतों के प्रयास के फलस्वरूप मई 2024 में 100 प्रतिशत करते हुये ओ0डी0एफ0 प्लस (मॉडल) विकासखण्ड की श्रेणी दर्ज करायी गयी है। आरम्भिक तौर पर विकासखण्ड गदरपुर की सभी ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत घरेलू /संस्थागत शौचालय आच्छादन के साथ-साथ सभी परिवारों द्वारा ठोस एवं तरल कचरे का प्रबन्धन किया जा रहा है, यद्यपि स्वच्छ भारत मिशन( ग्रा0) के तहत पंचायती राज विभाग के समन्वय से गदरपुर विकासखण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में ठोस तथा तरल कचरा प्रबन्धन हेतु सहयोग किया जा रहा है। वर्तमान तक ग्रामीण क्षेत्रों से प्लास्टिक एकत्रीकरण करते हुये विकासखण्ड स्तर पर प्रबन्धित किये जाने हेतु विकासखण्ड स्तरीय प्लास्टिक कचरा प्रबन्धन इकाई की स्थापना भी करवायी गयी है तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक कचरा एकत्र किये जाने के लिये वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। उक्त विकासखण्ड स्तरीय इकाई का संचालन एवं रख- रखाव जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा है।

# उत्तराखंड की दो तहसीलों के बदले नाम

- प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ के नाम से जाना जाएगा चमोली का जोशीमठ
- नैनीताल में कोश्याकुटोली तहसील का नाम अब होगा श्री कैंचीधाम





देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की दो तहसीलों के नाम बदल गए हैं। केंद्र सरकार ने कोश्याकुटोली का नाम श्री कैंचीधाम तहसील और जोशीमठ का नाम ज्योतिर्मठ तहसील करने पर मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। चमोली जिले की जोशीमठ तहसील को अब उसके प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते वर्ष चमोली जिले के घाट में आयोजित कार्यक्रम में जोशीमठ का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ करने की घोषणा की थी। बता दें कि स्थानीय जनता लंबे समय से जोशीमठ को ज्योतिर्मठ नाम दिए जाने की मांग कर रही थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने भी यह मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। मुख्यमंत्री धामी ने इसे गंभीरता से लेते हुए नाम परिवर्तन का फैसला लिया। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को भेज दिया गया था। अब केंद्र ने ज्योतिर्मठ तहसील के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकार के फैसले का स्थानीय जनता ने स्वागत किया है। मान्यता है कि 8वीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य इस क्षेत्र में आए थे। उन्होंने अमर कल्प वृक्ष के नीचे तपस्या की थी, जिससे उन्हें दिव्य ज्ञान ज्योति की प्राप्ति हुई थी। दिव्य ज्ञान ज्योति और ज्योतेश्वर महादेव की वजह से इस स्थान को ज्योतिर्मठ का नाम दिया गया, लेकिन यह जोशीमठ के नाम से ही प्रचलित हो गया। इसके बाद नाम बदलने की मांग कई बार प्रमुखता से उठी, लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। वहीं नैनीताल जनपद की कोश्याकुटोली को अब परगना श्री कैंचीधाम तहसील के नाम से जाना जाएगा। केंद्र सरकार ने राज्य की ओर से भेजे गए तहसील नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। क्षेत्रीय जनता और बाबा नीब करौरी महाराज के भक्तों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री धामी का आभार जताया। सीएम धामी ने बीते वर्ष कैंची धाम मंदिर के स्थापना दिवस (15 जून) के मौके पर कोश्याकुटोली तहसील को श्री कैंचीधाम के नाम पर करने की घोषणा की थी। इसके लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया था। केंद्र ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कोश्याकुटोली तहसील का नाम बदलकर परगना श्री कैंचीधाम तहसील करने की मंजूरी दे दी। कैंची धाम को मानसखंड मंदिर माला मिशन में भी शामिल किया गया है।

# बच्चों को बताया सिख धर्म के गुरूओं का इतिहास



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित गुरमति ज्ञान समर कैम्प में प्रतिभाग कर रहे बच्चों को सिख धर्म के गुरूओं की जानकारी प्रदान की गई। कैम्प में भाई गुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, रेशम सिंह, रंजीत सिंह, करनदीप सिंह, रविन्दर सिंह, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा, ओमकार सिंह, करन प्रीत सिंह द्वारा बच्चों को बताया गया कि सिख धर्म में दस गुरूओं का सिमरन किया जाता है। जिनमें सतगुरू नानक देव जी महाराज, सतगुरू अंगद देव जी महाराज, सतगुरू अमर दास जी महाराज, सतगुरू रामदास जी महाराज, सतगुरू अर्जुन देव जी महाराज, सतगुरू हरि गोबिंद जी महाराज, सतगुरू हरि राय जी महाराज, सतगुरू हरि किशन जी महाराज, सतगुरू तेग बहादुर जी महाराज तथा सतगुरू गोबिंद सिंह जी महाराज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सतगुरू नानक देव जी का जन्म 15.4.1469 को तथा निर्वाण 22.9.1539 को हुआ था। सतगुरू अंगद देव जी का जन्म 31.3.1504 को तथा निर्वाण 29.3.1552 को हुआ। सतगुरू अमर दास जी का जन्म 5.5.1479 को तथा निर्वाण 1.9.1574 को हुआ। उन्होंने बताया कि सतगुरू रामदास जी का जन्म 24.9.1534 को तथा निर्वाण 1.9.1581 को हुआ। सतगुरू अर्जुन देव जी का जन्म 15.4.1563 को तथा निर्वाण 30.5.1606 को हुआ। सतगुरू हरि गोबिंद जी का जन्म 19.6.1595 को तथा निर्वाण 28.2.1644 को हुआ। सतगुरू हरि राय जी का जन्म 16.1.1630 को तथा निर्वाण 6.10.1661 को हुआ। बच्चों को बताया गया कि सतगुरू हरि किशन जी का जन्म 7.7.1656 को तथा निर्वाण 30.3.1664 को हुआ। सतगुरू तेग बहादुर जी का जन्म 1.4.1621 को तथा निर्वाण 11.11.1675 को हुआ जबकि सतगुरू गोबिंद सिंह जी का जन्म 22.12.1666 को तथा निर्वाण 7.10.1708 को हुआ। उन्होंने बताया कि सिख धर्म की स्थापना लगभग 500 साल पहले गुरू श्री गुरूनानक देव जी महाराज जी ने की थी। उन्होंने तीन मुख्य सिद्धांतों का उपदेश दिया जिसमें नाम जपो, कीरत करो व वंड छको शामिल हैं। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, रशपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, जसवीर सिंह मंड, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, गुरवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# गोकुल बंसल ने किया जेईई एडवांस में क्वालीफाई



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. हिमांशु बंसल एवं उनकी धर्मपत्नी डा. अनुपमा बंसल के होनहार सुपुत्र गोकुल बंसल ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 360 अंकों में 190 अंक प्राप्त कर न सिर्फ कुमांऊ में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर जेईई एडवांस 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। बल्कि अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। डां बंसल ने बताया कि उनका सुपुत्र गोकुल बंसल हमेशा पढ़ाई में कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करता रहा है। आज उसकी इस उपलब्धि पर सारा परिवार स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि गोकुल की इस सफलता पर उन्हें भारी संख्या में लोगों के शुभकामनाएं सन्देश आ रहे है। वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

# चीनी मिलों में बॉयलर अपग्रेडेशन का कार्य पूर्ण करें



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिल किच्छा/नादेही में स्थापित ब्वायलरों को अपग्रेड किये जाने हेतु ब्वायलर अपग्रेडेशन कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी/प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड शुगर्स उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में प्रभारी महाप्रबन्धक (उत्तराखण्ड शुगर्स), प्रधान प्रबन्धक चीनी मिल नादेही, चीनी मिल नादेही/किच्छा के मुख्य अभियन्ता, मुख्य रसायनविद्, मुख्य लेखाकार एवं ब्वायलर अपग्रेडेशन कार्य की अधिकृत फर्म मैसर्स थर्मो फैब इंजीनियर्स, सहारनपुर (उ0प्र0) के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चीनी मिल किच्छा/नादेही में स्थापित ब्वायलरों को अपग्रेड किये जाने हेतु ब्वायलर अपग्रेडेशन कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी/प्रबन्ध निदेशक शुगर्स ने चीनी मिलों के अधिकारियों एवं अधिकृत फर्म के प्रतिनिधियों से ब्वायलर अपग्रेडेशन कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि चीनी मिलों में ब्वायलर अपग्रेडेशन कार्य की रूप-रेखा इस प्रकार तैयार की जाये कि 30 सितम्बर 2024 तक ब्वायलर अपग्रेडेशन से सम्बन्धित समस्त कार्यो को पूर्ण कर लिया जाये। उन्होने कहा कि 30 सितम्बर 2024 से ब्वायलरों का ट्रायल कार्य प्रारम्भ करते हुये 15 अक्टूबर 2024 तक सन्तोष जनक रूप से कार्य पूर्ण किया जाये, जिससे आगामी पेराई सत्र 2024-25 में मिल का संचालन सुचारू रूप से करते हुये बेहतर परिणाम प्राप्त किये जा सके। बैठक में महाप्रबंधक उत्तराखण्ड सुगर्स विजय पाण्डे, प्रधान प्रबंधक चीनी मिल नादेही दिनेष प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

# वनों को आग से बचाना हम सब की जिम्मेदारी: गीता

## लोहाघाट में सैनिक परिवारों के साथ गीता धामी ने किया पौधारोपण

लोहाघाट (उद संवाददाता)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाजसेवी गीता धामी की मुहिम ने और जोड़ पकड़ लिया है। बनबसा ,टनकपुर ,चंपावत के बाद अब पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा यह अभियान अब पिथौरागढ़ जा पहुंचा है। समाजसेवी गीता धामी की अगुवाई में पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे इस अभियान में लोहाघाट के पाटनी में भी लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यहां स्कूली बच्चों व क्षेत्र वासियों ने श्रीमती धामी के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इधर दूसरी ओर समाजसेवी धामी लोहाघाट में 36 वी वाहिनी आइटीबीपी भी गई जहां उन्होंने सैनिकों व सैनिकों के परिजनों के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान श्रीमती धामी का कहना था कि आज पर्यावरण को संरक्षित करना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है यहां अनेक प्रकार की प्राकृतिक धरोहर हैं ,अगर वन ही नहीं रहेंगे तो प्रकृति अपने आप नष्ट हो जाएगी। उन्होंने मौजूद लोगों से प्रकृति को बचाने की अपील की ।गौरतलब हो की गीता धामी ने पर्यावरण संरक्षण पर एक मुहिम छेड़ रखी है। बनबसा टनकपुर चंपावत लोहाघाट के बाद अब पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा है। यह अभियान पिथौरागढ़ आ पहुंचा है। जानकारी मिली है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम को स्कूली बच्चों महिला सहायता समूह पूर्व सैनिकों के साथ-साथ आम जनमानस का बेहतर सहयोग मिल रहा है। **पेड़ों को बचाना भी बड़ी चुनौती :** समाजसेवी गीता धामी ने कहा कि वृक्षारोपण करना बहुत आसान है ,किंतु इसे बचाना बड़ी चुनौती है उन्होंने कहा कि तमाम प्रकार के सामाजिक संगठन वृक्षारोपण पर लंबे समय से काम करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण बेहद जरूरी है किंतु इससे भी जरूरी है पेड़ों को बचाकर रखना। उन्होंने कहा कि हमारा पहला मकसद वृक्षों को बचाना होना चाहिए। उनका कहना था कि वनों को आग से बचाने हम सब की जिम्मेदारी है। यहां बता दें कि सेवा संकल्प फाउंडेशन के माध्यम से समाजसेवी गीता धामी बीते 9 जून से पर्यावरण बचाओ संकल्प जन जागरूकता अभियान चल रही हैं। बनबसा से प्रारंभ हुआ यह अभियान अब पिथौरागढ़ पहुंच गया है। अपने संबोधन के दौरान श्रीमती धामी हमेशा यह जोर देती आई है कि महक पर्यावरण करना जरूरी नहीं है बल्कि उसको बचाए रखना।







# कमिश्नर ने दो भूखंडों पर दिलाया क्रेताओं को कब्जा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। इस दौरान उन्होंने भूमि संबंधी दो मामलों का निस्तारण करते हुए क्रेताओं को भूखंड पर कब्जा दिलवाया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, आदि से सम्बन्धित आई। जनसुनवाई में आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को तलब कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। आयुक्त द्वारा काफी दिनों के पश्चात जनसुनवाई में आमजनमास की मुख्यतया: भूमि विवाद की समस्याओं का आयुक्त ने मौके पर समाधान किया गया। काफी लम्बित भूमि विवाद की समस्याओ का समाधान होने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में देवकी देवी ग्राम बैजूनिया हल्दू कालाढूगी ने बताया कि उन्होने क्रेता भूमि योगेश चन्द्र से 11 लाख में 27 दिसम्बर 2023 को क्रय की गई थी। विक्रेता के पुत्र एवं पुत्री के धनराशि विवाद के चलते कब्जा नही दिया गया था। आयुक्त ने उक्त प्रकरण की तहसीलदार कालाढूगी को जाचं कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। आयुक्त श्री रावत ने तीनों पक्षों को 02 मार्च 2024 को तलब कर 11 लाख की धनराशि पुत्र एवं विक्रेता की माता को बराबर देने के निर्देश दिये। क्रेता द्वारा 11 लाख की धनराशि का भुगतान कर दिया है तथा कब्जा भी दिला दिया गया है। जिस पर देवकी देवी ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। वही एक अन्य मामले में जयश्री व सुमन निवासी लालपुर रूद्रपुर ने बताया कि दोनो ने मिलकर अलास्का रेजीडेंसी लालपुर प्लाट क्रय किये थे। जयश्री ने 133 गज का प्लाट 6 लाख 60 हजार में लिया था धनराशि दे दी गई है लेकिन 3 वर्ष होने के उपरान्त प्लाट रजिस्ट्रेशन प्रबन्धक द्वारा नही की गई। जिस पर आयुक्त ने अलास्का रेजीडेंसी के प्रबन्धक को तलब किया उनके द्वारा बताया गया कि सोमवार को रजिस्ट्रेशन करा दिया जायेगा तथा सुमन ने 100 गज का प्लाट 3 लाख 50 हजार में लिया था जिसकी रजिस्ट्री अलास्का प्रबन्ध द्वारा करा दी गई है जिस पर सुमन ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया।

# सांसद अजय भट्ट ने पुत्र का गायत्री शक्तिपीठ में कराया उपनयन संस्कार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने अपने पुत्र दिग्विजय भट्ट का बेहद सादगी के साथ गायत्री शक्तिपीठ हल्दुचौड़ में उपनयन संस्कार कराया। सांसद भट्ट पत्नी श्रीमती पुष्पा भट्ट



के साथ हल्दुचौड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पहुंचे। जहां उन्होंने अपने पुत्र दिग्विजय भट्ट का यज्ञोपवीत संस्कार किया। इस दौरान श्री भट्ट केवल अपने परिवार के साथ यहां पहुंचे थे। पूरी सादगी से उन्होंने बेटे का यज्ञोपवीत संस्कार (जनेऊ) करवाया।

# सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल/ऊधम सिंह नगर की एक बैठक गदरपुर समिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रशासक कार्यकाल में हुए कर्मचारियों के समायोजन के विषय में चर्चा की गई। जिसमे निर्णय लिया गया की जिन कर्मचारियों का समायोजन प्रशासक कार्य काल में किया गया है या तो सभी का समायोजन निरस्त किया जाए या फिर एक कर्मचारी रेखा राठी के निरस्त किए गए समायोजन को बहाल किया जाए। बैठक में कहा गया कि 2021-22 से गेहूं व धान खरीद का लाखो रुपए समिति का कमीशन यूसी एफ पर देय है परन्तु विभाग इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है सभी कर्मचारियों ने विभाग से समिति का कमीशन दिलाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त कहा गया कि जो कर्मचारी सेवानिर्वत हो जाते है विभाग उनके फंड



का भुगतान समय से नहीं करता है। बल्कि जांच के नाम पर उल्टा कर्मचारी का उत्पीड़न किया जाता है। विभाग कर्मचारी के सेवानिर्वत होने से 3 माह पूर्व कर्मचारी के कार्यकाल की जांच पूर्ण कर लिया करे और कर्मचारी के रिटायर मेंट के 1 सप्ताह के भीतर कर्मचारी के समस्त फंडों का भुगतान कर दिया जाए। अध्यक्ष प्रकाश जोशी व सचिव शुभम त्यागी ने कहा कि यदि विभागीय अधिकारियों द्वारा बार बार वेतन जांच के नाम पर बेवजह कर्मचारियों का उत्पीड़न करना बंद नहीं किया गया एवं संगठन की मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो जल्द ही हड़ताल व ताला बंदी की जाएगी।। बैठक में राजवीर सिंह, रमन चौधरी, हरीश जोशी, रमेश जोशी, पंकज अरोरा, शुभम चौधरी, दिलजीत सिंह, दिनेश कुमार, सचिन कुमार, सुरेन्द्र पाल, सतीश जोशी, ऋषभ शर्मा, तस्वीर हुसैन, चेतन बमेटा, लोकेश भट्ट, रेखा राठी आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रदेश स्तरीय लगोरी बालक बालिका टीम का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लगोरी संगठन उत्तराखंड के तत्वाधान में स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर मे उत्तराखंड प्रदेश की 19 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं की टीम का चयन किया गया। जानकारी देते हुए लगोरी संगठन के महासचिव एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि ट्रायल में लगभग पांच दर्जन बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। एडवोकेट शर्मा के अनुसार प्रदेश की टीम 29 जून से महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लगोरी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। इससे पूर्व खिलाड़ियों से विकास शर्मा प्रदेश मंत्री द्वारा परिचय प्राप्त कर चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। विकास शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय के बाद उन्हें शुभकामनाएं दी । विकास शर्मा ने कहा आशा है उत्तराखंड की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन



करेगी उन्होंने कहा कि यह एक पारंपरिक भारतीय खेल है जिसे हम लोगों ने और हमारे साथियों ने अपने बाल्यकाल में खेला था। आज इसका डेवलपमेंट हो रहा है विकास शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि उक्त पारंपरिक खेल भी उत्तराखंड में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों में सम्मिलित किया जाए जिससे भारत की पुरानी परंपराओं को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यही चाहते हैं कि जो पारंपरिक खेल है उनको पुन: प्रारंभ किया जाए और उन पर योजना बनाई जाए। उक्त अवसर पर डॉ. नागेंद्र शर्मा, हिमांशु नरूला, एडवोकेट प्रमोद बिष्ट ,स्टेडियम के हॉकी के वरिष्ठ प्रशिक्षक मोहित रावत, योगेश पांडे ,चेतन भट्ट, सूरज विश्वास सहित अनेकों खेल प्रेमी थे।

# चरस और हजारों की नगदी सहित तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने चरस की तस्करी कर रहे एक युवक को हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार एसओजी व कोतवाली पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान मटर गली से 764 ग्राम अवैध चरस और अर्जित की गई धनराशि 31550 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कालू चौहान पुत्र रमेश चौहान निवासी गांधीनगर, बन भूलपुरा बताया। पुलिस ने बरामद चरस तथा नगदी अपने कब्जे में लेकर कालू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि दिनेश चन्द्र जोशी चौकी प्रभारी मंगलपडाव, उनि संजीत राठौड एसओजी प्रभारी, हेकानि हेमन्त सिंह, कानि.चन्दन सिंह, राजेश बिष्ट, भूपाल सिहं व संतोष बिष्ट शामिल थे।

# एक साल से लापता युवती को परिजनों से मिलाया

रूद्रपरु (उद संवाददाता)।ऑपरेशन स्माईल टीम ने एक साल से लापता एक युवती को सितारगंज से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवती घर से नाराज होकर चली गयी थी और अपनी बुआ के घर रह रही थी। बता दें एंटी ह्यूमन



टैफिकिंग यूनिट की ऑपरेशन स्माइल टीम गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए अभियान चला रही है। इसी के तहत टीम ने ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र के गोविंद नगर से एक साल पहले लापता हुयी सुमन पुत्री प्रेमवती को छानबीन के बाद सितारगंज में बरामद कर लिया। वह नाराज होकर घर से चली गयी थी और अपनी बुआ के घर रह रही थी। टीम ने उसे रेस्क्यू कर परिजनों को सौंप दिया। जिस पर परिजनों ने टीम का आभार व्यक्त किया। टीम में निरीक्षक जीतो कम्बोज, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, हेड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल ममता मेहरा ,प्रियंका कोरंगा आदि शामिल थे।

# 6.20 ग्राम स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस टीम द्वारा तेजाफौजा गूलरभोज रोड,थाना गदरपुर से एक महिला जसविन्दर कौर उर्फ कोडी पत्नी जग्गा सिंह निवासी वार्ड नं0 05 तेजा फौजा थाना गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर के कब्जे से एक प्लास्टिक की पन्नी के अन्दर महमूला शुद्व वजन 6.20 ग्राम,पन्नी का वजन 0.74 ग्राम कुल पन्नी सहित वजन 6.94 ग्राम अवैध स्मैक बरामद होने पर उक्त महिला को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना गदरपुर मे अभियुक्ता के विरुद्ध केस पंजीकृत किया



गया है। अभियुक्ता के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अभियुक्ता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर चौहान,उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा,कानि0 ललिता प्रसाद,इरशाद उल्ला,म0 हे0कानि0कृष्णा, रिक्रूट आरक्षी सौरभकुंवर शामिल रहे।

# शिविर में सीओ नितिन ने भी किया रक्तदान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूके 04 हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप ने विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें दर्जन लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान सीओ हल्द्वानी नितिन लोहानी ने भी रक्तदान कर इस अभियान को सफल बनाया और लोगों से भी बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की। यूके 04 हेल्पिंग हैंड्स टीम के करन नेगी और योगेश शर्मा ने बताया कि यह शहर कुमाऊं का प्रवेश द्वार है और यहां लगातार ब्लड की कमी देखी जा रही है। जिस वजह से दूर दराज के मरीज काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं और कई लोगों को ब्लड की कमी की वजह से अपनी जान भी भी गवानी पड़ी है। इसलिए हमारी संस्था ने यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। उन्होंने सभी लोगों से बढ़-चढ़कर इस अभियान से जुड़कर रक्तदान करने की



अपील की। रक्तदान शिविर स्वर्गीय बालकिशन देवकी जोशी चौरिटेबल ब्लड बैंक के साथ किया गया। इस अभियान में भुवन चंद्र तिवारी, योगेंद्र बिष्ट, कमल सिंह धामी, पंकज तिवारी, देवेंद्र नेगी, राजू रावत, राजीव वर्मा, परीक्षित मिश्रा, पंकज शर्मा, नवीन नयाल, देवाशीष नेगी, बृजेश बिष्ट, चेतन नेगी, प्रमोद बिष्ट, श्रुति तिवारी, हेमंत साहू, रजत शर्मा, मनोज कुमार, शीतल भट्ट, हरीश बगडवाल, शुभम टम्टा, गिरधारी पांडे, विवेक पाण्डे, मोहित चौधरी, सिद्धार्थ जोशी, मनीष कुमार, हिमांशु बिष्ट, जगदीश बिष्ट, प्रबप्रीत सिंह सेठी, भैरव देवपा, दीपक आर्या, पंकज नेगी, कमल मेहता, गगन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चुराई गई स्कूटी सहित युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वहां चोर को नशे की लत पूरी करने के लिए चुराई गई स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 5 जून को मयंक गुप्ता पुत्र अरविंद कुमार निवासी कारखाना बाजार महिला अस्पताल के सामने ने थाने आकर तहरीर दी कि 5 जून को हैप्पी होम होटल के पास से उसकी स्कूटी संख्या यूके 04 के 6478 किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उनि दिनेश चंद्र जोशी द्वारा की गई। मंगल पड़ाव पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर तीनपानी बायपास की तरफ से आ रही स्कूटी को रोककर चेक किया तो स्कूटी का नंबर यूके 04के 6478 था। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना नाम पता जुबेर पुत्र मोबिन



निवासी नूरी मस्जिद के पार नाले पर इन्द्रानगर बनभूलपुरा बताया। उसने बताया कि स्मैक और नशीले इंजेक्शन का नशा करता हूॅ। नशे की पूर्ति के लिए रूपये न होने के कारण चोरी करने लगा। पुलिस ने बताया कि जुबेर के विरुद्ध थाना बनभूलपुरा एवम थाना हल्द्वानी में कुल 18 मुकदमे विभिन्न धाराओं में पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश जोशी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव, हेका इसरार नवी, का. संतोष बिष्ट व भूपाल सिंह शामिल थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नीट परीक्षा में गड़बड़ी

चिकित्सा विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा यानी नीट में धांधली के आरोपों को सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए से इस मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने को कहा है। दरअसल, इस बार की नीट परीक्षा के नतीजों में कई तरह की विसंगतियां देखी गई हैं। जब परीक्षा ली गई, तब बिहार और राजस्थान के कुछ केंद्रों पर गलत पर्चे बांट दिए गए थे। बाद में उन्हें दुरुस्त कर दिया गया। तब विद्यार्थियों ने आरोप लगाया था कि पर्चाफोड़ हुआ है, परीक्षा रद्द कर दुबारा कराई जानी चाहिए। लेकिन एनटीए ने इससे इनकार कर दिया। उसका कहना है कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से गलत पर्चा बंट गया था। फिर नतीजे तय तिथि से दस दिन पहले ही घोषित कर दिए गए। नतीजों में सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले हैं। यह पहली बार हुआ है। एनटीए का कहना है कि जिन विद्यार्थियों को देर से पर्चे मिले, उन्हें समय की हानि होने के चलते कृपांक दिए गए। उसका क्या आधार है, यह भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि एनटीए अब भी अपनी बात पर कायम है कि गलत तरीके से किसी विद्यार्थी को अंक नहीं दिए गए। परीक्षा में पूरी तरह पारदर्शिता और शुचिता बरती गई है। उसका यह तर्क सर्वोच्च न्यायालय के सामने सही ठहर पाता है या नहीं, देखने की बात है। एनटीए ने कृपांक की शिकायतों के समाधान के लिए एक जांच समिति गठित कर दी है, लेकिन उस पर विद्यार्थियों को भरोसा नहीं है। दरअसल चिकित्सा पाठ्यक्रमों के दाखिले में धांधली की शिकायतें पुरानी हैं। उन शिकायतों को दूर करने के मकसद से ही एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय किया गया था। एनटीए की बनाई गई व्यवस्था के तहत नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र देश के सभी केंद्रों पर एक साथ विद्यार्थियों को मिलते हैं। उनमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश कम रहने का दावा किया जाता है। फिर भी, जिस तरह एनटीए की दूसरी परीक्षाओं में पर्चे बाहर निकल गए और कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं, उससे नीट को लेकर भी आशंका गहरी हुई है। एनटीए को बहुत भरोसेमंद और चाक-चौबंद संस्था माना जाता है, अगर उसकी परीक्षाओं में भी धांधली के आरोप लग रहे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे उसकी साख पर सवाल उठते हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे बाहर होने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। न केवल छोटे सरकारी पदों के लिए, बल्कि राज्यों के लोकसेवा आयोगों की परीक्षाओं के भी पर्चे बाहर होने की घटनाएं हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसीलिए रद्द करनी पड़ीं कि उनके पर्चे परीक्षा से पहले ही बाहर निकल चुके थे। इसे लेकर पहले उत्तराखंड सरकार ने कड़े कानून बनाए, फिर केंद्र सरकार ने भी कानून बनाने की घोषणा की। नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए हर सरकार कमर कसती दिखती है, लेकिन नकल कराने वालों के हौसले पस्त पड़ते नजर नहीं आते। परीक्षाएं रद्द होने से बहुत सारे विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फिरता, उनका मनोबल टूटता और पैसे की बर्बादी होती है। इस हताशा में कई विद्यार्थी खुदकुशी तक का रास्ता अख्तियार करते देखे जा रहे हैं। जब तक सरकारें इस मामले में दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं दिखाएंगी, यह सिलसिला शायद ही रुके।

# मुख्य सचिव ने 383.11 करोड़ के प्रोजेक्ट तत्काल नाबार्ड को भेजने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में नाबार्ड की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक ली। सीएस ने लोक निर्माण, सिंचाई, पशुपालन, स्कूली शिक्षा, कौशल व तकनीकी शिक्षा विभाग को 24 घंटे की डेडलाइन देकर अवशेष 383.11 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट तत्काल नाबार्ड को भेजने के निर्देश दिए। सीएस ने 31 जुलाई की समयसीमा निर्धारित करते हुए सभी विभागों को वित्त विभाग को डीपीआर भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विभागों को भविष्य में नाबार्ड की समय सीमा के अनुसार ही अपने प्रोजेक्ट के बजट बनाकर समयबद्धता से भेजने की सख्त हिदायत दी है। इसके साथ ही सीएस ने विभागों को शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) के तहत पार्किंग, मलिन बस्तियों के पुनर्विकास एवं शहरी वनीकरण के प्रोजेक्ट को शीर्ष प्राथमिकता पर नाबार्ड को भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विभागों को दिए गए लक्ष्य के 50 प्रतिशत प्रोजेक्ट 30 जून,



60 प्रतिशत प्रोजेक्ट 31 जुलाई तथा 100 प्रतिशत प्रोजेक्ट 15 अगस्त तक वित्त विभाग को भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वित्त विभाग को भी प्रतिपूर्ति हेतु बिल नाबार्ड में जमा कराने हेतु प्रत्येक चार माह का टारगेट दिया है। मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को जलस्रोतों एवं नदियों के पुनर्जीवीकरण के प्रोजेक्ट नाबार्ड हेतु प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। सीएस ने कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास में नाबार्ड द्वारा प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि वित्त विभाग ने 360.47 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट प्राप्त किए हैं। जिनमें सिंचाई से 77.40 करोड़ के 10, लोक निर्माण से 193.11 करोड़ के 89, तकनीकी शिक्षा से 66.96 करोड़ के 4, पशुपालन से 9.52 करोड़ का 1, ग्रामीण निर्माण विभाग से 13.4811 करोड़ के 5 प्रोजेक्ट हैं। राज्य में नाबार्ड के तहत ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि से 2.05 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधाओं का सृजन एवं पुनरूद्धार किया गया है। लगभग 14,766 किमी ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क का निर्माण एवं सुधार किया गया है। 27307 मीटर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। इसके अलावा 23.77 लाख ग्रामीण आबादी को पेयजल सुविधा मिल चुकी है। 241 स्कूल एवं आईटीआई का निर्माण एवं पुनरूद्धार हो चुका है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री दिलीप जावलकर, सीजीएम नाबार्ड सहित वित्त, लोक निर्माण, सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हाईटेक वायरोलॉजी लैब का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

श्रीनगर। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में अत्याधुनिक वायरोलॉजी लैब शुरू हो गई है। बुधवार को चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने तीन करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से स्थापित इस लैब का शुभारंभ किया। लैब बनने से उन मरीजों को फायदा मिलेगा, जिनके सैंपल जांच के लिए अन्य प्रदेशों को भेजे जाते थे। अब मेडिकल कॉलेज की लैब में जल्द जांच होने से मरीजों को सैंपल रिपोर्ट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ ही मेडिकल कॉलेज को लैब स्थापित होने से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्रों को रिसर्च करने में भी सुविधा मिलेगी। मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज गढ़वाल क्षेत्र के साथ ही चारधाम यात्रा का मुख्य स्वास्थ्य केंद्र है। यहां पर तमाम चिकित्सकीय उपकरण से लेकर स्थाई डॉक्टरों की तैनाती की गई है। यहीं नहीं मेडिकल



कॉलेज में आज अत्याधुनिक मशीनें स्थापित कर चिकित्सकीय सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। वायरोलॉजी लैब बनने से तमाम वायरस की जांच यहां हो पाएगी। जनता को सैंपल की जांच रिपोर्ट के लिए कई दिनों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यहां की सारी लैबों को हाईटेक बनाया गया है। कैथ लैब की भी स्थापना हो चुकी है, जल्द कार्डियोलॉजिस्ट की भी तैनाती होने वाली है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत एवं माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसर विभागाध्यक्ष डॉ. विनिता रावत मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वायरोलॉजी लैब की स्थापना हो जाने से यदि कभी नया वायरस की बीमारी का आउटब्रेक होता है तो वायरस का टाइप व सबटाईप की पहचान व जांच में बहुत आसानी रहेगी तथा वायरस जनित बीमारियों का स्तर पता लगने से ही इलाज करने में आसानी रहती है।

# नैनीताल, उत्तरकाशी, चमोली और अल्मोड़ा का लीडार सर्वे जल्द शुरू होगा : रंजीत सिन्हा

देहरादून(उद संवाददता)। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एनडीएमए द्वारा प्रायोजित भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण योजना के तहत उत्तराखण्ड में भूस्खलन न्यूनीकरण तथा जोखिम प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए सचिव राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तराखण्ड में भूस्खलन एक गंभीर समस्या है। हर साल इससे जानमाल का काफी नुकसान होता है। भूस्खलन या अन्य आपदा का सामना करने के लिए बहुत सारे विषयों को समग्र दृष्टिकोण से समझना होगा। उन्होंने कहा कि अगर देखें तो सबसे ज्यादा भूस्खलन की घटनाएं सड़कों के किनारे हो रही हैं। कहीं न कहीं सड़क निर्माण के कारण



पहाड़ों का स्लोप डिस्टर्ब हो रहा है। सड़क्कों को बनाया जाना जरूरी है, लेकिन यह उससे भी जरूरी है कि उसी समय स्लोप का वैज्ञानिक तरीके से उचित ट्रीटमेंट किया जाए। इससे पूर्व अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूएसडीएमए श्री आनंद स्वरूप ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन उनका सामना करने के लिए आपदा प्रबंधन के तंत्र को मजबूत कर जानमाल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यूएसडीएमए के अधिशासी निदेशक डॉ. पीयूष रौतेला ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के लिए यहां के लोगों के पारंपरिक ज्ञान का अध्ययन भी जरूरी है। उस ज्ञान का उपयोग भी किया जाना चाहिए। काफी कुछ समाधान वहां से मिल सकते हैं। सचिव राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि Interferometric Synthetic Aperture Radar भूस्खलन के दृष्टिकोण से अर्ली वार्निंग को लेकर सबसे आधुनिकतम तकनीक है। इस तकनीक को उपयोग में लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर मंथन चल रहा है। उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक शांतनु सरकार ने कहा कि हेलीकॉप्टर और ड्रोन के माध्यम से नैनीताल, उत्तरकाशी, चमोली और अल्मोड़ा का लीडार सर्वे जल्द शुरू होगा। कार्यशाला में राहुल जुगरान, यूएसडीएमए के विशेषज्ञ देवीदत्त डालाकोटी आदि मौजूद थे।

# नीति आयोग के उपाध्यक्ष से मिले सांसद अनिल बलूनी

देहरादून। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी की पहल पर नीति आयोग उत्तराखंड में वनाग्नि की समस्या से निपटने के लिए अहम कदम उठाने जा रहा है। आयोग ने इसके लिए पर्यावरण और वन, वित्त और गृह मंत्रालयों के साथ मिलकर एक ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला किया है। यह समूह इस विकराल होती समस्या पर एक व्यापक अध्ययन करवाएगा। इस संबंध में बुधवार को सांसद बलूनी ने नई दिल्ली में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी से मुलाकात की। बलूनी ने उपाध्यक्ष के समक्ष हिमालयी राज्यों के वनों, खासकर उत्तराखंड में बार-बार भीषण आग लगने और उससे पर्यावरण, वन्यजीवों के साथ जान-माल के भारी नुकसान को लेकर चिंता जताई। सांसद ने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में हर साल गर्मी में वनाग्नि की समस्या गंभीर होती है, जंगलों की आग के मामले साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस समस्या की रोकथाम की योजनाओं में दूरदर्शी व दूरगामी नीतियां बनाने की जरूरत है। साथ ही पर्वतीय राज्यों के लिए बजट में भी अलग से प्रावधान करने की आवश्यकता है ताकि पहाड़ और जंगल का संतुलन बनाए रखने के लिए बड़े कदम उठाए जा सकें।



# लोकसभा चुनाव में हमारी कमी की वजह से हुई है हार : गोदियाल

## भाजपा ने अपनी ताकत के बल पर कांग्रेस नेताओं को शामिल कराया

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पौड़ी लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहे गणेश गोदियाल ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर पौड़ी लोकसभा की जनता का आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा की चुनाव में हमारी कमी की वजह से ही हार हुई है।उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटों पर भले ही कांग्रेस के प्रत्याशियों की करारी हार का सामना करना पड़ा है लेकिन भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन के पिछले चुनाव से बेहतर प्रदर्शन से कांग्रेस के



दिग्गजों के हौसले अब भी बुलंद दिख रहे हैं। पौड़ी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे गणेश गोदियाल ने चुनाव में मिली हार स्वीकार करते हुए खुद कांग्रेस में बगावत कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं पर तीखा कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी सत्ता की ताकत से कांग्रेस के कई लोगों को पार्टी में शामिल कराया है। गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे की हवा निकल गई है। अगर 400 पार की हवा न बनती तो उत्तराखंड की फिजा कुछ और होती। हमारे प्रचार की पहुंच शहरी इलाकों में रही लेकिन गांवों में हम बहुत पीछे थे। वहां टीवी का असर रहा। चुनाव में हमारी कमी की वजह से हार हुई है। जिन्हें हम पूरा करेंगे। गोदियाल ने आगे कहा कि दुनिया बदलती है बदलने वाला चाहिए। गणेश गोदियाल ने कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव के अपेक्षा कांग्रेस ने 2024 के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है। हमारी कमी की वजह से भी कांग्रेस की हार हुई है। भाजपा ने अपनी ताकत के बल पर कांग्रेस के नेताओं को पार्टी में शामिल कराया है। इसके साथ गणेश गोदियाल ने यह भी कहा कि जनता से मिली ताकत कांग्रेस के लिए संघर्षों का काम आएगी। कांग्रेस के कुछ पुराने नेताओं ने भी अंदरखाने बीजेपी को मदद की है। बावजूद इसके मैं अपनी जीत महसूस करता हूं। हमारी बेटियों के साथ हुए अन्याय के मुद्दे पर हम चुनाव लड़ रहे थे। हरियाणा में बेटियों का मुद्दा बन सकता है, भाजपा पांच सीटें गवां सकती है। इस बात को हमारे स्तर पर सोचना होगा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता के साथ हुआ अन्याय मुद्दा नहीं बन पाया। हम कहां चूक गए, कि लोगों ने इस मुद्दे पर गौर नहीं किया। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र में अग्निपथ योजना मुद्दा बन सकता है तो उत्तराखंड में ये मुद्दा क्यों नहीं बन पाया, ये हमारे और मतदाताओं के लिए मनन का विषय है।

# एनएचएम निदेशक स्वाति एस.भदौरिया ने किया कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण

नैनीताल(उद संवाददाता)। मिशन निदेशक एनएचएम स्वाति एस. भदौरिया ने बुधवार को नैनीताल जनपद का दौरा किया। इस दौरान मिशन निदेशक ने कई अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्टोर व अन्य महत्वपूर्ण विभाग शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने खाली पड़े पदों को एनएचएम के तहत शीघ्र भरने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किये दिए। मिशन निदेशक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जनपद नैनीताल में 2 अर्बन हेल्थ सेंटर खोले जाने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सालय में टाइप 4 भवन, मेडिकल स्टोर, पार्किंग, क्रिटिकल एच.यू. हेतु धारी, ओखलकांडा, रामगढ़, रामनगर में स्थान का चुनाव करने हेतु सम्बन्धितों को निर्देश दिये गये। इस दौरान डॉ.श्वेता भंडारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ.तरुण कुमार टम्टा मुख्य





अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने विभिन्न विभागों का दौरा किया, जिसमें अल्ट्रासाउंड, इमरजेंसी, लैब, प्रसूति वार्ड, जाने हेतु व जिला चिकित्सालय में प्रसव को आ रही महिलाओं व आकस्मिक सेवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किये जाने व गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का चिन्हीकरण कर संस्थागत प्रसव करवाये जाने के भी निर्देश केयर ब्लॉक और ओपीडी ब्लॉक के निर्माण हेतु स्थान का चुनाव करने के निर्देश दिये। मिशन निदेशक स्वाति एस भदौरिया ने निरीक्षण के दौरान भवाली सेनिटोरियम, बेस चिकित्सालय में स्वीकृत निर्माण कार्यो में तेजी व बी.पी. चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. द्रौपदी गर्बियाल, डॉ.वी.के. धर्मसतु अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ.हेमन्त मार्तोलिया प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, मदन महेरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक आदि अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधवा महिला ने लगाई सूदखोरों से बचाने की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जरूरत होने पर एक लाख रुपए का उधार सूदखोरों से लेने के बाद उन्हें ब्याज सहित 1.70 लाख चुकाने के बाद भी पचास हजार रुपए और मांगने तथा जमानत के रूप में दिए गए ब्लैंक चेक को वापस न करने पर एक विधवा ने पुलिस से सूदखोरों से बचाने की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उसके पति का देहान्त करीब 8 वर्ष पूर्व हो गया था। वह असहाय महिला है और अपने पति की मृत्यु के बाद अपने 4 बच्चों के साथ बमुश्किल अपना भरण पोषण व पालन पोषण कर रही थी। आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण उसने गदरपुर क्षेत्र निवासी दो सूदखोरों से एक लाख रूपये उधार लिये। उनके कहने पर बतौर सिक्योरिटी ब्लैक चौक दिया गया था जिसे रकम अदा होने पर मूल रूप से वापस करने का आश्वासन दिया था। उनसे उधार ली गई धनराशि का भुगतान करने के लिए अपना मकान भी बेचकर ब्याज सहित कुल 1.70 लाख रूपये का भुगतान कर दिया है। भुगतान होने पर जब उसने सिक्योरटी के रूप में दिया मूल चौक वापस मांगा तो उक्त दोनो व्यक्ति बदनीयत हो गये और उसके साथ अभद्रता व गाली गलौच, मारपीट करते हुये उसका मानसिक शोषण कर धमकाने लगे कि जब तक उन्हें 50 हजार रूपये ओर नहीं देगी तब तक वह मूल चेक को वापस नहीं करेगें और चौक में अनर्गल धनराशि भरकर उसे बाउन्स कराकर मुकदमा कर देगें। विधवा ने दोनो से अपने व बच्चों को जान माल का नुकसान पहुंचाने का अंदेशा व्यक्त किया है।

# दुकान से पासपोर्ट व नगदी चोरी

हल्द्वानी। कुसुमखेड़ा स्थित एक दुकान से एक अज्ञात चोरों ने दुकान स्वामी का पासपोर्ट, बिल व नगदी चुरा ली है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।आरके टैंट हाउस रोड निवासी मनोज सिंह सांगा पुत्र नंदन सिंह सांगा ने मुखानी थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान से पासपोर्ट, बिल व 4 हजार रूपए की नगदी चुरा कर ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कालेज में दस दिन का वैल्यू ऐडेड बेसिक कंप्यूटर कोर्स हुआ संपन्न

किच्छा (उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय किच्छा में 10 दिन का वैल्यू ऐडेड बेसिक कंप्यूटर कोर्स प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। कुल 30 घंटे के इस कार्यक्रम को सैद्धांतिक और प्रायोगिक दो पक्षों प्राचार्य डॉक्टर राजीव रतन ने कहा यह कार्यक्रम प्रतिभागी विद्यार्थियों की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही कॉलेज के समग्र विकास तथा नैक की दृष्टि से भी महत्तवपूर्ण है। अब हमारा विद्यार्थी तकनीकी रूप से पूर्ण दक्ष बनने के लिए तैयार हो गया है। यह दुनिया



में बॉटा गया था। पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि तकनीक की मदद से पाठ्यक्रम को समझना और समझाना भी बेहद सरल और चामात्कारिक हो सकता है। पाठ्यक्रम कोर कमेटी द्वारा स्थानीय विद्यार्थियों की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम डिजाइन किया गया था। 28 यूनिटों में बांटे गए इस पाठ्यक्रम में सैद्धांतिक और व्यवहारिक दोनों पक्षों पर बराबर बल दिया गया। गूगल स्लाइड, पॉवर प्वाइंट तथा प्रेजेन्टेशन सॉफ्टवेयर आदि के व्यावहारिक पहलूओं को जाना। लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा तथा फीडबैक के उपरांत सफल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में संचार की है तकनीकी संचार की है अत: कंप्यूटर के इस ज्ञान को निरंतर बनाए रखना है और आगे बढ़ाना है कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर नरेश गंगवार ने 10 दिन तक चली इस कंप्यूटर कोर्स की आख्या प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों और आयोजक टीम को बधाई दी। कहा कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यह तय किया गया है कि एक सत्र में दो वैल्यू एडिट प्रोग्राम कराए जाएँगे कार्यक्रम में डॉ प्रकाश चंद भट्ट, डॉ किरन बाला, डॉ हर्षिता तिवारी, शुभम गंगवार, लवली पांडेय. गौतम सिंह के साथ ही रोशनी, नीतू, प्रिया, कोमल, शिवानी, समीर, रेहान, अदीबा, सृष्टि, रीना, प्रियंका, काजल, शाश्वती आदि उपस्थित रहे।

# शहरी क्षेत्र में जाम के लिए अतिक्रमण को माना जिम्मेदार

## पक्की दुकानों के आगे ठेले, फड़, पार्किंग लगने से बढ़ी दिक्कतें

सितारगंज (उद संवाददाता)। शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। हमेशा जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण को लेकर विभिन्न अधिकारियों की बैठक आयोजित की। जिसमें मुख्यता सामने आया कि पक्की दुकानों के आगे ठेले, फड़ व वाहन पार्किंग में लगने से यातायात व्यवस्था बिगड़ी है। इस कारण नालियां साफ नहीं हो पाती है। जिससे बरसात में जलभराव की समस्या बनती है। इसके अलावा बैठक में नाबालिगों के टुकटुक चलाने को लेकर सवाल खड़े किए गए। एसडीएम ने नगर पालिका के ईओ को आवबश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। एसडीएम रविंद्र कुमार जुवांठा की अध्यक्षता में यातायात, जाम, अतिक्रमण आदि बिंदुओं को लेकर मीटिंग आयोजित



की गई। जिसमें नगर पालिका, पुलिस व व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। मीटिंग में इन बिंदुओं को लेकर वार्ता की गई। जिसमें यातायात व्यवस्था, जाम, अतिक्रमण को लेकर यह बात मुख्य रुप से सामने आई कि कुछ पक्की दुकान स्वामी पैसे लेकर दुकान के आगे ठेले, फड़ लगवाते है। इससे आमजन को रोजना काफी परेशानी होती है। उन्होंने फल, सब्जी आदि अतिक्रमणकारियों को नाली के उपर स्थाई रुप से जमा दिया है। इससे नालियां साफ नहीं होती है और बरसात होने पर जलभराव हो जाता है। एसडीएम ने दुकानों के आगे ठेले, फड़ व पार्किंग कराने पर नगर पालिका को चालान काटने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही मीटिंग में 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों द्वारा टुकटुक वाहनों को चलाने का मामला भी रखा गया। इस पर एसडीएम ने पुलिस अफसरों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर ईओ नौशाद हसीन, एसएसआइ कविंद्र शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश तनेजा, संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं ने किया ब्रह्मा पूजन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नंबर पांच स्थित अशोक गोसाई के काली मंदिर मे महिला संगठन की ओर से ब्रहम देव की पूजा आयोजन किया गया।श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति देकर अग्नि के प्रकोप से बचाव की कामना की। गर्मी के मौसम में प्रत्येक वर्ष अग्नि देवता को प्रसन्न करने और अपने घर



परिवार को आग से बचाव के लिए ब्रहम देव की पूजा का आयोजन किया जाता है। बुध वार को इस वर्ष भी काली मंदिर परिसर में बृहम देव की मूर्ति की स्थापना की गई। पूरोहित मधु चक्रवती ने मंगल घट स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण से मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की। दिनभर पूजा का आयोजन हुआ। बाद में शाम को हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति दी। पूजा के दौरान मुहल्ले में लोगों के घरों में चूल्हे नही जले। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। वहां सीमा सरकार, माया बनर्जी, सुनीला मिस्त्री, शिखा ढाली, प्रभा राय, हेमा चक्रवती, दिवाली बैरागी, कल्पना मंडल आदि थी।

# केलाखेड़ा में अवैध खनन को लेकर पीएम पोर्टल पर की गई शिकायत की जांच शुरू

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। नगर पंचायत केलाखेड़ा क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विगत लंबे समय से लगातार हो रहा है मिट्टी एवं रेता खनन को लेकर रत्ना मड़ैया निवासी मोहम्मद आसिफ ने शिकायत पीएम पोर्टल पर कर दी जिसकी प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी बाजपुर,थाना केलाखेड़ा,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यसचिव उत्तराखंड को भेजी है।मोहम्मद आसिफ का कहना है क्षेत्र के कुछ लोगो द्वारा विगत लंबे समय से खनन का कारोबार बड़ी ही दबंगई से किया जा रहा है जिस पर कोई अंकुश नही लगा पा रहा।ऐसे में उन्होंने पी एम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है क्यों कि वही एक आखरी रास्ता बचा है जहां कार्यवाही की उम्मीद की जा सकती है। वही पी एम पोर्टल पर शिकायत होने के पश्चात पी एम पोर्टल से श्री मोहम्मद आसिफ (रत्न मडैया) से प्राप्त एक सार्वजनिक शिकायत संख्या पीएमओपीजी/ई/2024/ 0093746, दिनांक 09.06.2024 को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया है। ओर इस संबंध में मामले की जांच करें और याचिकाकर्ता को सूचित करते हुए एमएमडीआर अधिनियम, 1957 के प्रावधानों और उसमें अधिसूचित नियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार उचित कार्रवाई करें। जिसके बाद अब मो आसिफ लगातार कार्यवाही को अमल में लाने के लिए अधिकारियों से अनुरोध कर रहे है।

## पेज एक का शेष...

**हवस के दरिंदों पर..** जब नव विवाहिता ने अपने साथ हुए जुल्म की दास्तान मायके वालों को बताई तो पति अनिल सिरोही बुरा मान गया। गलती मान कर दोबारा जब वह पत्नी को साथ ले आया तो उसने अपने एक रिश्तेदार कुंडेश्वरी निवासी संजय पुत्र यशपाल को कुकर्म में हमसाज करते हुए अनेकों बार जबरन पत्नी के साथ प्राकृतिक अप्राकृतिक दुष्कर्म किया और इसकी वीडियो भी बनाई। विरोध करने पर दोनों आरोपियों द्वारा पीड़िता के भाई लविश को एक्सीडेंट कराकर मौत के घाट उतारने की धमकी दी जाती थी। इस बारे में कई बार पंचायतें भी हुई लेकिन आरोपियों की हरकतों में कोई सुधार नहीं आया। इसी वर्ष 9 मई को अनिल सिरोही घर छोड़कर विदेश भाग गया। अनिल सिरोही के विदेश जाने के बाद आरोप है कि संजय अश्लील वीडियो फोटो के सहारे नव विवाहित को ब्लैकमेल कर लगातार मनमानी करने लगा इससे उसकी मानसिक व शारीरिक हालत बेहद नाजुक हो गई। 3 सितंबर की रात्रि लगभग 11:00 बजे पीड़िता ने अपने मामा को फोन पर आप बीती सुनाई और इसी रात उसने कीटनाशक गटक लिया। हालत गंभीर होने पर उसे राजकीय चिकित्सालय से बाजपुर रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाया गया। यहां भी जब हालात में सुधार नहीं हुआ तो पॉइजनिंग की शिकार विवाहिता को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 5 सितंबर को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आत्मा को अंदर तक झकझोर देने वाली इस घटना को जिसने भी सुना वह स्तब्ध रह गया। इस मामले में कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को अनिल सिरोही उसकी बहन अंशु तथा रिश्तेदार संजय के खिलाफ संगीत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने की फरमान जारी किए हैं।

**आरोपी रहता है...** कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन पुलिस के अधिकारी ने भी यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि अनिल सिरोही इंग्लैंड में रहता है इसलिए उसके विरुद्ध कोई विधिक कार्यवाही नहीं हो सकती।

**परिचित युवक ने ..** की रहने वाली पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ दिन पूर्व उसकी बहन देवलचौड़ क्षेत्र में रहने वाली अपनी सहेली के घर गई थी। वहां से लौटते समय रास्ते में सूरज नाम का युवक मिला, जिसे पीड़िता पहले से जानती थी।आरोप है कि सूरज उसे झूठ बोलकर अपने साथ घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसे मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद वह पीड़िता को टेंपो से उसकी सहेली के घर छोड़ आया। जहां से पीड़िता अपने घर पहुंची, लेकिन डर की वजह से यह बात किसी को नहीं बताई। आठ दिन बाद पीड़िता ने यह बात अपनी बड़ी बहन को बताई। इसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचे। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि पॉक्सो में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

**रास्ते से कार हटाने के लिए...** के लिए दुकान में आये तो वहां मौजूद कुछ अन्य लोगों ने उन पर भी पेचकस आदि से हमला कर दिया। जिससे वहां शोर मच गया। शोर की आवाज से आस पड़ोस के कई लोग भी आ पहुंचे। इस घटना में बलराम के सिर व शरीर के अन्य अंगों पर चोटें आ गईं। उसे तत्काल उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत चिंताजनक बताई है। वहीं अन्य परिजनों को मामूली चोटें आई हैं। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

**हादसे में बाइक सवार...** गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। पंतनगर नगला के भाजपा नेता सुरेश गौरी ने घटना की सूचना मिलने पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना पर दुख जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

**आवास योजना की..** जिसमें खुलासा हुआ कि योजना की धनराशि लेने के बाद 31 लोगों ने धनराशि दबा ली है। ईओ नौशाद हसीन ने बताया कि चिहिंत लाभार्थियों को योजना की धनराशि दबाने के मामले में अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के बाद उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशोनुसार वसूली की कार्रवाई की जा सकती है।

**११ लाख की स्मैक...** दिनेशपुर आदि मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक पावन स्वरूप, उप निरीक्षक विपिन चंद्र जोशी, अपर उपनिरीक्षक जगबीर शरण, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह, आरक्षी इसरार अहमद व वीरेंद्र चौहान शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
1 RUPEE 1990
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338